हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

# आपके विश्वास ने हमें मजबूत बनाया

## धन्यवाद... उन सभी मरीज़ों और परिवारों का, जिन्होंने हम पर भरोसा किया।
## आपके विश्वास ने ही हमें वो हिम्मत दी, जिससे हमने सैकड़ों जिंदगियों में नई उम्मीदें जगाईं।



आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के दम पर आज न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले मरीजों का विश्वास जीता है। यहाँ पहले से ही अन्य राज्यों और विदेशों से मरीज उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं के कारण पहुँच रहे हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुपरस्पेशलिटी ट्रीटमेंट, अंतरराष्ट्रीय मानकों की देखभाल और किफायती खर्च ने हेल्थकेयर क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। **डॉ. नवीन राम दारुका** का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में दुर्ग को मेडिकल टूरिज़्म का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। उनका मानना है कि जिस तरह लोग सिंगापुर, यूरोप या दिल्ली-मुंबई जैसे स्थानों में इलाज के लिए जाते हैं, उसी तरह दुर्ग को भी विश्वस्तरीय हेल्थकेयर डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है।हॉस्पिटल न केवल मरीजों की देखभाल में बल्कि चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समय-समय पर आयोजित CME कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों और छोटे कस्बों में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों को नई-नई चिकित्सा जानकारी, आधुनिक तकनीकों और गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर कमजोर और पिछड़े इलाकों तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं पहुँचाई जा रही हैं। ***डॉ. दारुका का संकल्प है कि आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से दुर्ग को न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत में हेल्थकेयर उत्कृष्टता की नई पहचान मिले।***

## आरोग्यम : महिला शक्ति का अनोखा प्रतीक



प्रबंध निदेशक का सपना है –"इलाज ही नहीं, अपनापन और विश्वास भी।" उनका मानना है कि अस्पताल सिर्फ बीमारियों के इलाज की जगह नहीं, बल्कि संवेदनाओं और मानवीय जुड़ाव का केंद्र होना चाहिए। 85% से अधिक महिलाएं संभाल रही कमान

आरोग्यम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक महिला प्रधान संस्था है। यहां 85% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो अपनी संवेदनशीलता, करुणा और समर्पण के साथ मरीजों को विशेष अनुभव देती हैं। यही महिला शक्ति इस अस्पताल को बाकी संस्थानों से अलग बनाती ।

**कविता केजरीवाल दारुका**
मैनेजिंग डायरेक्टर

## "इरेक्टाइल डिसफंक्शन से जीत 50+ सफल पेनाइल इंप्लांट"



इरेक्टाइल डिसफंक्शन यानी नपुंसकता अब केवल बुज़ुर्गों की समस्या नहीं रही, बल्कि यह परेशानी युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। तनाव, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली के कारण 25-40 साल के पुरुष भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। ***दिल्ली के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बांगा*** और डॉ. नवीन राम दारुका की टीम ने पेनाइल इंप्लांट सर्जरी में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। टीम अब तक 50+ से अधिक सफल सर्जरी कर चुकी है और दर्जनों मरीजों की जिंदगी बदल चुकी है।

***डॉ. गौतम बांगा का कहना है – "आजकल युवाओं में भी ED (इरेक्टाइल डिसफंक्शन) तेजी से बढ़ रहा है।*** जब दवाइयां असर नहीं करतीं, तब पेनाइल इंप्लांट सबसे भरोसेमंद विकल्प बन जाता है। हमारी टीम अब तक 50+ से अधिक मरीजों को नया आत्मविश्वास दे चुकी है।"







## दुर्ग में हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद: डॉ. आकाश बख्शी



**आपके दिल का सच्चा साथी**

हृदय रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति शुरू हुई है। अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक कैथ लैब हृदय की जटिल प्रक्रियाओं को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न करने में सक्षम है। यही कारण है कि हृदय रोग के गंभीर मामलों में भी मरीजों को बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। हाल ही में, अल्प समय में आरोग्यम हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने 150+ से अधिक एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक संपन्न करके इतिहास रचा है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई है। डॉ. बख्शी के अनुभव और समर्पण ने अस्पताल को क्षेत्र में हृदय रोग के इलाज में अग्रणी बना दिया है। यहा मरीजों को केवल इलाज नहीं, बल्कि विश्वसनीयता, सुरक्षा और सुकून का अनुभव मिलता है। आधुनिक तकनीक, कुशल डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ का अनूठा मिश्रण हर मरीज के लिए नई उम्मीद जगाता है। यही कारण है कि दुर्ग और आसपास के क्षेत्र के लोग हृदय रोग के मामलों में, हॉस्पिटल को सबसे भरोसेमंद विकल्प मानते हैं। मरीजों की मुस्कान और स्वस्थ जीवन ही इस अस्पताल की असली उपलब्धि है।

**ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113**

## "एक साल में हमारी अभूतपूर्व सफलता"

- **कार्डियोलॉजी -**
  - 300+ एंजियोग्राफी
  - 150+ एंजियोप्लास्टी
  - 40+ पेसमेकर इंप्लांट



- **यूरोलॉजी -**
  - 1500+ किडनी स्टोन सर्जरी
  - 50+ पेनाइल इंप्लांट
  - 150+ रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी
  - 65+ पुरुष बांझपन का इलाज



- **नेफ्रोलॉजी-**
  - 2 सफल किडनी ट्रांसप्लांट
  - 13000+ डायलिसिस
  - 1200+ CKD
  - 24x7 उपलब्ध विशेषज्ञ टीम



- **गैस्ट्रोएंटरोलॉजी -**
  - 500+ एंडोस्कोपी
  - 100+ कोलोनोंस्कोपी
  - 60+ ERCP



- **दुर्घटना में जीवन रक्षक**
  - 1 साल में 100 से अधिक गंभीर
  - मरीजों को नया जीवन
- **ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी**
- **99% सर्जरी दूरबीन से**



## "आरोग्यम में एडवांस्ड किडनी व यूरोलॉजी सुविधाएँ"



बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से किडनी और यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियाँ लगातार बढ़ रही हैं। पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, बार-बार पेशाब में जलन या रुकावट, संक्रमण, क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD) और किडनी फेल्योर जैसी समस्याएँ अब आम हो गई हैं। इन रोगों का इलाज अब अत्याधुनिक तकनीकों से किया जा रहा है। यहाँ लेज़र सर्जरी और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं की सुविधा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है। गंभीर मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट और CKD मैनेजमेंट की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। **जहां शहर की सबसे आधुनिक एवं सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट भी उपलब्ध है** यही वजह है कि दूर-दराज़ से भी मरीज यहाँ उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। **किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. के. साहू और यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका** अपनी विशेषज्ञता से मरीजों का सफल उपचार कर रहे हैं।

## अत्याधुनिक बर्न यूनिट आरोग्यम -



सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शहर की सबसे आधुनिक बर्न यूनिट संचालित होने जा रही है, जहां अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कोठारी के मार्गदर्शनि में हर प्रकार के बर्न मरीजों का इलाज किया जाएगा । यहां थर्मल, इलेक्ट्रिक और केमिकल बर्न से पीड़ित मरीजों के लिए 24 घंटे, 7 दिन निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल में आधुनिक मशीनों, संक्रमण नियंत्रण की विशेष व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को समय पर बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। यह बर्न यूनिट क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत और नई उम्मीद साबित हो होगी।

**"अपनों का इलाज - अपने शहर में"**

**CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR | CSEB | ALL INSURANCE & TPA | FCI | IIT BHILAI COAL INDIA | ECHS |ESIC TERTIARY | BSP EMPLOYEE & EX-EMPLOYEE**



# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

97554 21861 , 0788-2990458

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

aarogyam hospital

## खबर संक्षेप



### नितीश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**खुज्जी।** रतनभाट निवासी नितीश कुमार मिश्रा को उनकी सक्रियता को देखते हुए भारतीय जनशक्ति मंच में युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री मिश्रा की नियुक्ति संस्थापक अध्यक्ष हेमेंद्र यादव की अनुशंसा से की गई है। उन्हे नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

### गुंडरदेही में मानस महोत्सव 2 से

**खुज्जी।** गुंडरदही में नव ज्योति मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में 2 से 4 जनवरी तक मानस महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जनवरी को तुलसी मानस प्रतिष्ठान छुरिया के अध्यक्ष सुभाष यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि अंजली धावड़े, उमा राजेश सिंह ठाकुर, देवारुराम मालेकर, रमेश पिस्दा, चित्तूराम खरे, पन्नालाल देवांगन, सेवुकराम, पोतराम खरे , हेमंत सूर्यवंशी, बिसावत खान, पुरषोत्तम मालेकर ,मनक भंडारी होंगे। समापन 4 जनवरी को पूर्व जिला पंचायत सदस्य हृदयराम चंद्रवंशी के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच उमा राजेश सिंह ठाकुर करेंगी। विशिष्ट अतिथि राजूसिंह, द्वारका पटेल, पन्ना लाल देवांगन, ग्वाल मालेकर, श्रवण मंडावी, दयालु यादव, गुहाराम कोमरे, अवधराम खरे, गेंदलाल कुंजाम, देवेंद्र साहू होंगे।

### पीजी हॉस्टल हेतु स्थान आबंटन की मांग

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने समाज प्रमुखों के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पोस्ट ग्रेजुएट हॉस्टल हेतु तत्काल उचित स्थान आबंटित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न अनुसूचित जाति समाज के प्रमुख उपस्थित थे। सभी ने इस मांग का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान सुनील कुमार, प्रकाश मारकंडे, जितेंद्र मुदलियार, विपिन यादव, गोपीचंद गायकवाड़, युवराज ढिरही, पंकज बांधव, कमलेश सांडे, अजय मारकंडे, शिशुपाल भारती, अनिल मेश्राम, पंचराम चंदेल, दिनेतु जांगड़े आदि उपस्थित थे।



### घर से दो पहिया वाहन पार

**सड़क अतरिया।** नर्मदा में शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात एक ग्रामीण के घर के बाहर खड़े दो पहिया वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह घर वालों को उठने के बाद हुई। जानकारी अनुसार नर्मदा निवासी हेमप्रकाश वैष्णव रात्रि में भोजन कर घर में सो गए थे। उनका दो पहिया वाहन सीजी 08 एएस 9094 डीलक्स घर के बरामदा में खड़ा था। सुबह जब वह उठे तो वाहन को गायब पाया। प्रार्थी ने गंड़ई थाना में वाहन चोरी का रिपोर्ट दर्ज करा दिया है।

### ग्रामसभा में दी वी बी जी राम जी की जानकारी

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत संबलपुर एवं भुरभुसी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन की जानकारी दिया गया। योजना के तहत अब मजदूरों को 125 दिन का काम और समय पर भुगतान मिलेगा। इसके अलावा अन्य कल्याणकारी योजनाओँ की जानकारी दी गई। सभा में सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### कार्यकारी अध्यक्ष से मिले पूर्व विधायक

**सड़क अतरिया।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से गत दिनों पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और दिनेश गाँधी के साथ दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृतव में भाजपा मजबूत होगी।



### किरणदेव पहुंचे जैन मंगोड़ी सेंटर



**डोंगरगांव।** पहली बार नगर पहुंचे प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जैन मंगोड़ी सेंटर जाकर स्वादिष्ट मंगोड़ी का स्वाद लिया। इस दौरान सालों से इस सेंटर का संचालन कर रहे भागचंद जैन, संजय जैन, पूर्व पार्षद हेमंत चोपड़ा, ज्ञानेश्वर हिरवानी आदि मौजूद थे।

### नारायणगढ़ सड़क जर्जर

**चिचोला।** नेशनल हाईवे से नारायणगढ़ जाने वाली रोड के जर्जर होने से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी हो रही है। सड़क पर जगह जगह गडढे हो गए हैं। डामरीकरण उखड़ गया है। नारायणगढ़ से स्कूल आने वाले बच्चे भी उबड़ खाबड़ सड़क पर सफर करने मजबूर है। वाहनों की आवाजाही को देखते हुए सड़क का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक हो गया है। नारायणगढ़ जाफर अली ने बताया कि रोड़ जर्जर हालत को देखते हुए भाजपा के भरत वर्मा के मार्गदर्शन में सांसद से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया गया है। सासंद ने स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया है।



### सेमल के वृक्षों की हो रही थी बेजा कटाई

# लकड़ी तस्करी का खुलासा ट्रक और जेसीबी मशीन जब्त

## कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वनांचल में बढ़ती लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने वन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश पर देर रात विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लकड़ी की अवैध ढुलाई का पर्दाफाश किया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे भोजटोला रेंज के ग्राम चिलाडबरी में वन विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से सेमल लकड़ी ढो रहे एक 1109 ट्रक और एक जेसीबी वाहन को मौके से जब्त किया गया। वाहनों में बड़ी मात्रा में लकड़ी लोड थी, जिन्हें बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन किया जा रहा था।



### अनुमति के बिना संचालन

वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को चिलाडबरी भेजा गया और वहां से ट्रक व जेसीबी बरामद किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेमल लकड़ी के परिवहन के लिए एसडीएम की अनुमति आवश्यक है, जबकि पकड़े गए वाहनों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

### होगी राजसात की कार्रवाई

डीएफओ ने बताया कि जांच की जा रही है कि लकड़ी वन भूमि से काटी गई है या नहीं। यदि लकड़ी वनभूमि से काटी पाई जाती है, तो राजसात की कार्रवाई की जाएगी। यदि नहीं तो मामला आगे की प्रक्रिया के लिए राजस्व विभाग को सौंपा जाएगा। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### आरोपी फरार, मजदूर भी भागे

सूत्रों के अनुसार पखांजूर निवासी हृदय मंडल पिछले कई दिनों से जिले में अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन करने सक्रिय है। गुरुवार रात भी वह सेमल लकड़ी की कटाई करा रहा था, लेकिन जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद कई मजदूर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले, जिनमें हृदय मंडल भी शामिल है।

## उन्नाव घटना के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**डोंगरगांव।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उन्नाव रेप पीड़िता को इंसाफ देने, आरोपी पूर्व विधायक की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा कानून सख्ती से लागू करने, भिलाई स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष लिलेश पटेल, राकेश साहू, प्रियंक जैन, शहर अध्यक्ष रितेश राजपूत, हरेंद्र साहू, पीसीसी प्रवक्ता श्रुति शुक्ला, गोल्डी खोबरागड़े, संदीप डहरे, आरती कोरे, अरुणा देवांगन, राकेश साहू, सुधीर पटेल, चाणक्य गोस्वामी, छोटू राजपूत, जाहिद राजा, सिब्बू देवांगन, सुभाष पटेल, दुर्गेश पटेल,चोंटू पटेल, अजय श्रीवास, दम्माम पटेल, संतोष यादव, लाला राम, तुषाल पटेल, सुमित यादव, अंशु साहू, अजय पटेल, कृष्ण देवांगन, मनीष पटेल, टेकेश्वर, सुभाष यादव आदि उपस्थित थे।

## शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**मोहला।** शिवसेना ने जिला अध्यक्ष शोभाशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में अंबागढ़ चौकी बस स्टैंण्ड में पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हो रही घटनाओं के विरोध में किया गया। हिन्दु मंदिर, देवी देवताओ के अपमान, महिलाओ के साथ अनाचार एवं हिन्दू पुरुषो को जिन्दा जलाने का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री मो. यूनुस का पुतला दहन किया गया। शोभाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुतला दहन के दौरान राकेश श्रीवास्तव, दिनेश ताम्रकार, कमल सोनी, मनीष तिवारी, हेमंत सोनी, ब्लाक अध्यक्ष देवप्रसाद यादव, नीलकंठ यादव, थरवेतन पेंटर, संजय यादव, गोविंद, संजय सेरपा, आकाश ताम्रकार आदि उपस्थित थे।

## रकबा समर्पित कराने की शिकायत विधायक से

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों मोहारा धान खरीदी केन्द्र का जायजा लिया। इस दौरान मुड़ियां के किसान सुखराम वर्मा पिता कालूराम वर्मा, और खपरी के किसानों ने बताया कि तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। किसानों की शिकायत सुनकर विधायक श्रीमती बघेल ने पटवारी को पूछने के बाद तहसीलदार से पूछा कि कौन से आदेश के तहत इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कार्रवाई को तुरंत रोक लगाने कहा। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, धर्मेंद्र मंडावी, संतोष वर्मा, दयाल साहू, दयालुराम वर्मा, रंजीत भारती, युवराज चंद्रवंशी, टुमनलाल साहू, शत्रुघ्न साहू, कमलेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।



## 1950 की कट-ऑफ तिथि समाप्त करने की मांग

- नहीं बन रहे जाति प्रमाण पत्र, विस अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र - छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही अडचनों को लेकर जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा राजनांदगांव ने पहल की है।

मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से भेंट कर वर्ष 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की अनिवार्यता को समाप्त करने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 10 जून 2025 को जारी परिपत्र के पूर्ण अनुपालन की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि राज्य में गाडा, महार, घासी-घसिया, मोची, डोम डोमार सहित अन्य अनुसूचित जातियों के केवल इस कारण जाति प्रमाण पत्र से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि प्रमाण पत्र के लिए 1950 के पूर्व के दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है। प्रतिनिधियों का कहना है कि इस समुदाय के पास इतने पुराने दस्तावेज उपलब्ध होना असंभव है।

प्रमाण नहीं बनने से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, आरक्षण और अन्य शासकीय सुविधाओं से वंचित होना पड रहा है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 10 जून 2025 को परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें पुनर्गठित राज्यों में अनुसूचित जाति- जनजाति वर्ग के नागरिकों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं इसके बाद भी छत्तीसगढ़ शासन ने आज तक प्रचलित नियमों में दर्ज कट ऑफ डेट में संशोधन नहीं किया है।

प्रतिनिधि मंडल ने परिपत्र के अनुरूप नियमों में संशोधन करने की मांग की है ताकि अनुसूचित जाति- जनजाति के युवाओं को न्याय मिल सके। चर्चा के दौरान रविन्द्र रामटेके, राजू बारमाटे, संतोष बौद्ध, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे, रिक्की सहारे, किशन श्यामकुंवर, केएल टांडेकर, एसके भालाधरे, राजकुमार नागदेवे, रवि सुखदेवे, सिद्धार्थ चौरे उपस्थित थे।



## सिमगा को हराकर नागपुर की टीम क्वार्टर फाइनल में

### आशुतोष को मेन ऑफ द मैच

नागपुर के आषुतोश ने गेंद व बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मैच के मेन आफ द मैच बने। आषतोष को स्व. राजकिशोरी देवी श्रीवास्तव की स्मृति में एक हजार नगद एवं ट्राफी का पुरूष्कार भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी एवं भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैयद अजहरूद्दीन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पार्षद दिलीप कुंभकार, शंकर निषाद व कौशल शर्मा उपस्थित थे।

**अंबागढ़ चौकी।** अन्तर्राज्यीय डयूस बाल प्रतियोगिता के पांचवे दिन ग्रुप बी के पहले मैच में नागपुर की करीम स्पोटर्स ने अपनी बल्लेबाजी के दम पर जेसीसी सिमगा को आसानी से सात विकेट से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप बी का पहला लीग मैच नागपुर के करीम स्पोटर्स एवं जेसीसी सिमगा के मध्य खेला गया। मैच निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से शुरू हुआ। जेसीसी सिमगा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टवेंटी टवेंटी मैच में सिमगा की टीम ने निर्धारित ओवरो से दो ओवर पहले ही 137 रन बनाकर आल आउट हो गई। नागपुर के गेदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मैच के अंतिम ओवरों में शानदार गेदबाजी करते हुए पांच विकेट मात्र सात रनों के अंदर गिरा दिया। जिससे सिमगा की टीम निर्धारित ओवर भी नही खेल पाई। नागपुर की ओर से आलराउंडर आशुतोष ने शानदार तीन विकेट लिया।

### आज के मैच

अन्तर्राज्यीय डयूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवे दिन रविवार को प्रातः 11 बजे महाराश्ट्र नागपूर की करीम स्पोटर्स एवं राजधानी रायपुर की मणी ग्रीव एकेडमी के मध्य मुकाबला होगा। बीस बीस ओवरो के इस मैच में निर्णायक सपन काकडे व हेमंत ठाकुर होंगे।

### तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर की टीम ने प्रारंभ से ही संभलकर खेलना शुरू किया और मात्र तीन विकेट खोकर निर्धारित ओवरो से काफी पहले जीत के लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। नागपुर की ओर से सलामी बल्लेबाज रिजेश चोपडा ने मात्र 35 गेंदो में धुआंधार 60 रनों की पारी खेली। जबकि प्रथम द्विवेदी ने 23 गेंदो में 45 रनों की आतिशी पारी खेली। आशुतोष ने मात्र चार गेंदो में 17 रनों की विस्फोटक पारी खेली। मैच के निर्णायक सपन काकडे, हेंमंत ठाकुर थे। कांमेंट्रेटर केएस ठाकुर, आशीष द्विवेदी, पोषण सिन्हा, विकास मानिकपुरी, प्रज्ञारत्न गोडबोले थे।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025



# दो माह में लेना ही होगा ट्रेड लाइसेंस, बगैर इसके नगरीय क्षेत्र में कारोबार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सरकार के नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन यानी ट्रेड लाइसेंस नियम में ये प्रावधान है कि अब राज्यभर के नगरीय इलाकों में कोई भी व्यक्ति बिना ट्रेड लाइसेंस हासिल किए कोई कारोबार नहीं चला सकता। यही नहीं अगर बिना लाइसेंस कारोबार करते पकड़े गए तो दुकान सील कर दी जाएगी और लाइसेंस फीस से दोगुनी राशि बतौर जुर्माना वसूली जाएगी।

खास बात यह है कि राज्य के नगरीय इलाकों के हर दुकानदार को दो महीने के अंदर ये लाइसेंस लेना होगा। राज्य शासन द्वारा ट्रेड लाइसेंस का नया नियम जारी करने संबंधी खबर को हरिभूमि ने दो दिन पहले प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस नियम में कई प्रावधान ऐसे है, जो प्रदेश के नगरीय इलाकों में हर तरह का कारोबार करने वालों को प्रभावित करने वाले हैं। नियम में यह साफ किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को संबंधित नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बिना नगर पालिका की सीमा के भीतर कोई व्यापार करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

## स्थानीय व्यापारियों ने किया नियम का विरोध



### व्यापारियों ने सौंपा था ज्ञापन

प्रदेश शासन के इस निर्देश के आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी हड़कंप मचा हुआ है। यही कारण था कि पिछले दिनों चेंबर ऑफ कामर्स के बैनर तले स्थानीय व्यापारियों ने भी कलेक्टर को एक ज्ञापन इस मामले में सौंपा है। व्यापारियों का कहना है कि इस नियम का सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा और छोटे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में नियमों में बदलाव किया जाए और अनिवार्यता की शर्त को शिथिल किया जाए। इसके साथ ही व्यापारियों ने ट्रेड लाईसेंस के लिए सड़क की चौड़ाई वाले नियम में भी बदलाव की मांग रखी थी।

### वाष्प, धूल, गंध, शोर नहीं फैला सकते

सरकार के इस नियम में साफ किया गया है कि अनुज्ञप्तिधारी धुएं, गैस, वाष्प, धूल, गंध, शोर या अन्य ऐसी अशुद्धियों द्वारा उत्पन्न होने वाले अप्रदूषण (न्यूसेंस) की रोकथाम के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित उपायों को अपनाएगा।

### दुकान में लगा दिखना चाहिए लाइसेंस

नियम में ये भी कहा गया है कि व्यापार अनुज्ञप्ति के उपयोग के लिए शर्तों में यह बात शामिल है कि अनुज्ञप्ति की एक प्रति, अनुज्ञप्त परिसर में सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित की जानी चाहिए। केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन, नगर पालिका द्वारा समय-समय पर जारी सभी आदेशों, निर्देशों का कठोरता से अनुपालन किया जाएगा।

### कभी भी हो सकती है जांच, होगी ये कार्रवाई

सक्षम प्राधिकारी, किसी भी समय किसी अनुज्ञप्तिधारी के परिसर का निरीक्षण कर सकेगा और यदि इन नियमों के किसी उपबंध के उल्लंघन का पता चलता है तो वह अनुज्ञप्तिधारी को किसी तय अवधि के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी कर सकेगा। यदि अनुज्ञप्तिधारी नोटिस में तय अवधि के भीतर उसमें दिए गए निर्देशों का युक्तियुक्त समाधान नहीं करता है तो सक्षम प्राधिकारी, कोई शास्ति अधिरोपित कर सकेगा, जो वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क का 50 प्रतिशत होगी अथवा अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा।

### 15 दिन में मिलेगी अनुज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ में यह नए नियम लागू होने के साथ ही यह अनिवार्यता लागू की गई है कि हर कारोबारी को दो महीने यानि 60 दिनों में लाइसेंस हासिल करना ही होगा। इन नियमों के अधीन आवेदन यदि अन्यथा अस्वीकार नहीं किया जाता है तो प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कोई निर्णय नहीं लिए जाने की दशा में अनुज्ञप्ति प्रदान की गई, समझा जाएगा।

### बिना लाइसेंस होगा सील

कोई परिसर, जिसमें विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना कोई व्यापार किया जाना पाया जाए, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा सील किया जाएगा तथा समान प्रकार और समान रूप से स्थित व्यापार के लिए लागू वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क के दोगुने के समतुल्य शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

# नक्सलवाद पर आखिरी जंग, आत्मसमर्पण या एनकाउंटर

एनिश गोस्वामी ⏭ मोहला

अब तक लाल आतंक और मौतों के तांडव के दशक में जी रहे क्षेत्र के वनांचल में अंतिम 17 हथियार बंद नक्सलियों की तलाश सरगर्मी से हो रही है। मोहला-मानपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जंगल में इन माओवादियों के लिए दोनों जिले की पुलिस ने मुहिम छेड़ रखा है।

छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर में 7 और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 10 नक्सलियों को दोनों जिले के पुलिस ने अंतिम आह्वान किया है या तो हथियार सहित सरेंडर करो या मरने के लिए तैयार रहो। ऐसा माना जा रहा है कि इन 17 नक्सलियों के निराकरण के बाद इस वनांचल में नक्सलवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोक दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर नक्सलवाद उन्मूलन की मुहिम के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला और गढचिरौली महाराष्ट्र के जंगलों में पुलिस ने बेहद सतर्कता के साथ अभियान छेड़ा हुआ है।

इधर जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह की पदस्थापना के बाद नक्सल उन्मूलन ने बेहद रफ्तार पकड़ी। श्री सिंह के निर्देश पर लगातार सर्चिंग और पुलिसिया हलचल बढ़ने से नक्सलवाद की सांस अब जमीनी स्तर पर उखड़ चुकी है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ जोन में लाल गलियारे के खात्मे के बाद अब सुरक्षा एजेंसी का पूरा जोर राजनांदगांव पुलिस रेंज के मोहला-मानपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सीमा पर है। छत्तीसगढ़ के इस दक्षिण-पश्चिम इलाके में 17 माओवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। मोहला-मानपुर के आरकेबी राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन में 7 और गढचिरौली के कंपनी नंबर 10 के 10 सक्रिय नक्सलियों की जानकारी इंटेलिजेंस के पास है।

⏩ शेष पेज 14 पर



फाईल फोटो

### मुख्यधारा में लौटे नक्सली

हमारा प्रयास है कि शेष माओवादी भी मुख्य धारा में लौट आए और केंद्र व राज्य शासन की नीतियों का लाभ ले सके, उनकी आत्मसमर्पण के लिए हम सभी माध्यमों से उन तक अपनी बात भी पहुंचा रहे हैं। तय डेडलाइन के भीतर क्षेत्र को माओवादी हिंसा से मुक्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में भी हमारी योजना तैयार है।

- **वाईपी सिंह**, एसपी, मोहला-मानपुर-अं. चौकी

### मूवमेंट की सूचना

गढ़चिरौली जिले में माओवादियों के कंपनी नंबर 10 के 10 सक्रिय माओवादियों की मूवमेंट की जानकारी मिल रही है। डीकेजेडसी प्रभाकर मुख्य है, जिस पर 25 लाख का ईनाम है। यह छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की अबूझमाड़ सीमा पर छिपे हुए हैं। ये सरेंडर करेंगे या फिर हमारी फोर्स इन्हें मार गिराएगी, हम दोनों ही सूरत में जल्द से जल्द गढचिरौली जिले को नक्सल हिंसा से मुक्त करेंगे।

- **नीलोत्पल, एसपी**, गढ़चिरौली

### आरकेबी डिवीजन में 7 की तलाश

माओवादियों का राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अपनी आखिरी सांस गिन रहा है। यहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डिवीजन कमेटी सचिव लोकेश सलामे के 13 अगस्त को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब सिर्फ 7 केडर बाकी है। इनमें रूपी के अलावा मंगेश पोडियाम, रंजीत होडी, हिडमे मरकाम, महेश डोडी, गणेश और राजे शामिल हैं। इन सातों के निराकरण के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।

### अबूझमाड़ में छिपा प्रभाकर

गढ़चिरौली जिले में सक्रिय कंपनी नंबर 10 के 10 माओवादियों की तलाश तेज हो गई है। इनमें 25 लाख का इनामी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का शीर्ष लीडर प्रभाकर मुख्य तौर पर शामिल है। सुरक्षा एजेंसी का मानना है कि प्रभाकर अपने 10 साथियों के साथ महाराष्ट्र बॉर्डर के अबूझमाड में छिपा हुआ है। इस टुकड़ी के समर्पण या खात्मे के साथ ही गढचिरौली जिला भी पूरी तरह से माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।






## सार समाचार

### नर्मदा में भव्य हिन्दू सम्मेलन आज

**सड़क अतरिया।** नर्मदा अतरिया मंडल अंतर्गत कल 28 दिसंबर रविवार को नर्मदा मंदिर परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।



कार्यक्रम में क्षेत्र के 22 गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के लिए हिन्दू धर्म के विभिन्न जातियों को एकता के सूत्र में जोड़ना है। सम्मेलन के लिए शनिवार को परिसर भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला क्रियान्वयन टोली के उपाध्यक्ष सीएम चौबे, खंड क्रियान्वयन टोली से बलदाऊ कुमार सोनी, समाज से रोहित, राधे मोहन वैष्णव, प्रकाश जंघेल, कमलेश मिश्रा, रमेश वर्मा, रमेश कुमार, पवन पटेल, भीखू हिरवानी, किशुन मिर्चे, साहेब लाल सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग सम्मिलित हुए। आयोजक समिति ने क्षेत्र के लोगों से बड़ी संख्या संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### बाइक सहित गिरे, युवती की मौत, युवक घायल

**राजनांदगांव।** सड़क के मोड के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस घटना में बाइक में सवार युवती की मौत होने की खबर है। वहीं युवक घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। शुक्रवार को दोपहर बाइक में सवार होकर एक युवक एवं युवती कहीं जा रहे थे। बताया गया कि वे नगपुरा क्षेत्र खुरसुल के पास मोड पर पहुंचे ही थे कि बाइक अनियंत्रित होकर जोरदार फिसल गई। जिससे बाइक में सवार युवक एवं युवती नीचे जा गिरे। बताया गया कि घायलों को उपचार हेतु सोमनी चिकित्सालय लाया गया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया। युवक को उपचार हेतु शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। घायल युवक का नाम डुलेश्वर धनकर बताया गया है।

### हल्बा समाज का शक्ति दिवस व मिलन समारोह आज

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज शाखा राजनांदगांव द्वारा कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं युवा प्रभाग महिला मंडल द्वारा कल 28 दिसंबर को हल्बा सामाजिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव में शक्ति दिवस एवं मिलन का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष एचआर ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि आरएस नायक, लता उर्वशा, एसके चौरसिया, आरआर खरे, सुनील भुआर्य, डॉ. पवन ठाकुर, यूएस ठाुकर, आरएल खरे, सीआर देवहारे, सेवकराम उइके, बीएल भुआर्य, कामतूराम ठाकुर, ऋषि भुआर्य, गणितराम बंढाई, गणेश्वर पटेल, जयपाल सिंह लाटिया, नारदराम ठाकुर का सम्मान किया जाएगा। साथ ही रैली, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पृष्ठ 13 का शेष

### नक्सलवाद पर आखिरी जंग...

पुलिस के अधिकारियों के अनुसार अब इन केडर्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ी जा चुकी है। इन्हें आत्मसमर्पण के लिए काफी लंबा वक्त दिया गया, लेकिन यह अब भी सामने नहीं आ रहे हैं। गढ़चिरौली में सक्रिय माओवादी का अबूझमाड़ सीमा में छिपे बैठे हैं। गौरतलब है कि अबूझमाड़ का 20 प्रतिशत हिस्सा महाराष्ट्र में भी है। इसी सीमा पर कंपनी नंबर 10 के सक्रिय माओवादी छिपे हुए हैं। इधर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सक्रिय आरकेबी डिवीजन तथा मदनवाड़ा कोडेखुसे मोहला संयुक्त एलोएस के 7 नक्सली 13 अगस्त को मारे गए स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी की पत्नी डीवीसीएम रूपी के साथ मदनवाड़ा तथा कांकेर जिले के बॉर्डर के जंगलों की खाख छान रहे। जिनके आत्मसमर्पण के लिए स्थानीय मीडियाकर्मी तथा कुछ समाजसेवी संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं।

### मोहारा बायपास में प्रीमियम शराब दुकान बंद कराकर लौटे कांग्रेसी

# शराब दुकान का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा बायपास चौक के समीप खुले प्रीमियम शराब दुकान को लेकर तीन दिनों से चक्काजाम, प्रदर्शन व बैठक का दौर जारी है। वहीं आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और शराब दुकान बंद करवाया।

प्रदेश सरकार द्वारा लगातार खोले जा रहे शराब दुकानों को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश है। वहीं बायपास चौक के समीप खुली नई प्रीमियम शराब दुकान को लेकर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन करते हुए आबकारी विभाग, शासन-प्रशासन और स्थानीय भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रीमियम शराब दुकान को बंद करने मांग की। मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी से कांग्रेसियों ने तत्काल शराब दुकान का शटर बंद करने मांग की और ऐसा नहीं करने पर भीतर घुसने की चेतावनी दी। जिसके बाद शराब दुकान का शटर डाउन किया गया।



### वार्डवासियों को डराया जा रहा है: जीतू

प्रदर्शन करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे शहर में जगह-जगह शराब दुकान खोल रही है। वहीं विरोध करने वाले वार्डवासियों को कलेक्टोरेट बुलाकर डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते कहा कि शहर में कोई भी नई शराब दुकान नहीं खोलने दिया जाएगा और आने वाले समय में सीएम के आगमन पर काला झंडा दिखाया जाएगा।

### दुकान के सामने मुखौटा पहनकर काटा रिबन

शराब दुकान के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करते कांग्रेसियों ने यहां लगे प्रीमियम वाइन शॉप का बैनर निकालकर फेंक दिया। वहीं विरोध प्रदर्शन करने सांसद, महापौर, विधायक और सीएम का मुखौटा पहनकर शराब दुकान का प्रतीकात्मक रिबन काटा और इन नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियो का कहना था कि भाड़ा नियंत्रक अधिकारी से विधिवत अनुमति नहीं है और किराया निर्धारण नहीं हुआ है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने कहा कि मोहरा क्षेत्र में 100 मीटर के दायरे में ही 4 शराब दुकान हैं। हम अब और शराब दुकान नहीं खुलने देंगे।

### कांग्रेसी और वार्डवासी हुए शामिल

प्रीमियम शराब दुकान बंद करने कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अशोक पंजवानी, विवेक वासनिक, राकेश जोशी, गुरबेज माखिजा, युवराज भारती, अमीन हुद्दा, मुकेश साहू, अवधेश प्रजापति, गणेश पवार, ऋषि शास्त्री, देवेश वैष्णव, असगर बेग, नरेश साहू, भगवानदास सोनकर, विजय शर्मा, बाबा राठौर, रसीद खान, प्रवीण मेश्राम, मनीष गौतम, राजिक सोलंकी, वीरेंद्र चंद्राकर, ललित मरकाम, लक्ष्मण साहू, राजेश सेवता, मोहन साहू, आफताब अहमद, संदीप सोनी, राकेश चंद्राकर, गजेंद्र सिंह राजपूत, अभिषेक यादव, लेखू यादव, सोनू साहू, हिमालय बंधे, अभिमन्यु मिश्रा, गीतेश्वर हंसा, लक्ष्मी साहू, सीताराम श्रीवास, गोलू नायक, मनीष सावरकर, अरशद खान, नईम, अनिल सिन्हा, डोमन साहू, गजेंद्र सिंह, भावसिंह, प्रमोद प्रजापति, टेमसिंग साहू, जयकिशन शर्मा, लक्ष्य शर्मा, शालनी साहू, अंजू साहू सहित अन्य कांग्रेसी और वार्डवासी शामिल हुए।

# शराब पीने पैसे की मांग कर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते मारपीट कर फरार हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 16 दिसंबर को दोपहर लगभग 3 बजे शराब लेने के लिए चिखली शराब दुकान गया था, जहां आरोपियों द्वारा प्रार्थी से शराब और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा नहीं देने पर आरोपियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर प्रार्थी को चोंट पहुंचाया।

रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### दो और पकड़ाए

पूर्व में आरोपी विजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले में घटना दिनांक से आरोपी अविनाश और छगनलाल पटेल उर्फ मोनु पटेल फरार था। जिसकी पता तलाश हेतु चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर पतासाजी किया जा रहा था। पुलिस ने गत दिवस आरोपी अविनाश साहू 32 साल साकिन शांतिनगर को घुमका क्षेत्र से तथा आरोपी छगनलाल पटेल उर्फ मोनु पटेल 26 साल साकिन माध्यमिक स्कूल के पास वार्ड नं. 10 को चिखली से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया, जो घटना घटित करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध प्राप्त साक्ष्य सबूत के आधार पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।







हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# दो माह में लेना ही होगा ट्रेड लाइसेंस, बगैर इसके नगरीय क्षेत्र में कारोबार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सरकार के नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन यानी ट्रेड लाइसेंस नियम में ये प्रावधान है कि अब राज्यभर के नगरीय इलाकों में कोई भी व्यक्ति बिना ट्रेड लाइसेंस हासिल किए कोई कारोबार नहीं चला सकता। यही नहीं अगर बिना लाइसेंस कारोबार करते पकड़े गए तो दुकान सील कर दी जाएगी और लाइसेंस फीस से दोगुनी राशि बतौर जुर्माना वसूली जाएगी।

खास बात यह है कि राज्य के नगरीय इलाकों के हर दुकानदार को दो महीने के अंदर ये लाइसेंस लेना होगा। राज्य शासन द्वारा ट्रेड लाइसेंस का नया नियम जारी करने संबंधी खबर को हरिभूमि ने दो दिन पहले प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस नियम में कई प्रावधान ऐसे है, जो प्रदेश के नगरीय इलाकों में हर तरह का कारोबार करने वालों को प्रभावित करने वाले हैं। नियम में यह साफ किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को संबंधित नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बिना नगर पालिका की सीमा के भीतर कोई व्यापार करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

## स्थानीय व्यापारियों ने किया नियम का विरोध



### व्यापारियों ने सौंपा था ज्ञापन

प्रदेश शासन के इस निर्देश के आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी हड़कंप मचा हुआ है। यही कारण था कि पिछले दिनों चेंबर ऑफ कामर्स के बैनर तले स्थानीय व्यापारियों ने भी कलेक्टर को एक ज्ञापन इस मामले में सौंपा है। व्यापारियों का कहना है कि इस नियम का सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा और छोटे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में नियमों में बदलाव किया जाए और अनिवार्यता की शर्त को शिथिल किया जाए। इसके साथ ही व्यापारियों ने ट्रेड लाईसेंस के लिए सड़क की चौड़ाई वाले नियम में भी बदलाव की मांग रखी थी।

### वाष्प, धूल, गंध, शोर नहीं फैला सकते

सरकार के इस नियम में साफ किया गया है कि अनुज्ञप्तिधारी धुएं, गैस, वाष्प, धूल, गंध, शोर या अन्य ऐसी अशुद्धियों द्वारा उत्पन्न होने वाले अप्रदूषण (न्यूसेंस) की रोकथाम के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित उपायों को अपनाएगा।

### दुकान में लगा दिखना चाहिए लाइसेंस

नियम में ये भी कहा गया है कि व्यापार अनुज्ञप्ति के उपयोग के लिए शर्तों में यह बात शामिल है कि अनुज्ञप्ति की एक प्रति, अनुज्ञप्त परिसर में सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित की जानी चाहिए। केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन, नगर पालिका द्वारा समय-समय पर जारी सभी आदेशों, निर्देशों का कठोरता से अनुपालन किया जाएगा।

### 15 दिन में मिलेगी अनुज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ में यह नए नियम लागू होने के साथ ही यह अनिवार्यता लागू की गई है कि हर कारोबारी को दो महीने यानि 60 दिनों में लाइसेंस हासिल करना ही होगा। इन नियमों के अधीन आवेदन यदि अन्यथा अस्वीकार नहीं किया जाता है तो प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कोई निर्णय नहीं लिए जाने की दशा में अनुज्ञप्ति प्रदान की गई, समझा जाएगा।

### बिना लाइसेंस होगा सील

कोई परिसर, जिसमें विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना कोई व्यापार किया जाना पाया जाए, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा सील किया जाएगा तथा समान प्रकार और समान रूप से स्थित व्यापार के लिए लागू वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क के दोगुने के समतुल्य शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

### कभी भी हो सकती है जांच, होगी ये कार्रवाई

सक्षम प्राधिकारी, किसी भी समय किसी अनुज्ञप्तिधारी के परिसर का निरीक्षण कर सकेगा और यदि इन नियमों के किसी उपबंध के उल्लंघन का पता चलता है तो वह अनुज्ञप्तिधारी को किसी तय अवधि के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी कर सकेगा। यदि अनुज्ञप्तिधारी नोटिस में तय अवधि के भीतर उसमें दिए गए निर्देशों का युक्तियुक्त समाधान नहीं करता है तो सक्षम प्राधिकारी, कोई शास्ति अधिरोपित कर सकेगा, जो वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क का 50 प्रतिशत होगी अथवा अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा।

# नक्सलवाद पर आखिरी जंग, आत्मसमर्पण या एनकाउंटर

एनिश गोस्वामी ⏭ मोहला

अब तक लाल आतंक और मौतों के तांडव के दशक में जी रहे क्षेत्र के वनांचल में अंतिम 17 हथियार बंद नक्सलियों की तलाश सरगर्मी से हो रही है। मोहला-मानपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जंगल में इन माओवादियों के लिए दोनों जिले की पुलिस ने मुहिम छेड़ रखा है।

छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर में 7 और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 10 नक्सलियों को दोनों जिले के पुलिस ने अंतिम आह्वान किया है या तो हथियार सहित सरेंडर करो या मरने के लिए तैयार रहो। ऐसा माना जा रहा है कि इन 17 नक्सलियों के निराकरण के बाद इस वनांचल में नक्सलवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोक दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर नक्सलवाद उन्मूलन की मुहिम के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला और गढचिरौली महाराष्ट्र के जंगलों में पुलिस ने बेहद सतर्कता के साथ अभियान छेड़ा हुआ है।

इधर जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह की पदस्थापना के बाद नक्सल उन्मूलन ने बेहद रफ्तार पकड़ी। श्री सिंह के निर्देश पर लगातार सर्चिंग और पुलिसिया हलचल बढ़ने से नक्सलवाद की सांस अब जमीनी स्तर पर उखड़ चुकी है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ जोन में लाल गलियारे के खात्मे के बाद अब सुरक्षा एजेंसी का पूरा जोर राजनांदगांव पुलिस रेंज के मोहला-मानपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सीमा पर है। छत्तीसगढ़ के इस दक्षिण-पश्चिम इलाके में 17 माओवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। मोहला-मानपुर के आरकेबी राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन में 7 और गढचिरौली के कंपनी नंबर 10 के 10 सक्रिय नक्सलियों की जानकारी इंटेलिजेंस के पास है।

⏩ शेष पेज 14 पर



फाईल फोटो

### मुख्यधारा में लौटे नक्सली

हमारा प्रयास है कि शेष माओवादी भी मुख्य धारा में लौट आए और केंद्र व राज्य शासन की नीतियों का लाभ ले सके, उनकी आत्मसमर्पण के लिए हम सभी माध्यमों से उन तक अपनी बात भी पहुंचा रहे हैं। तय डेडलाइन के भीतर क्षेत्र को माओवादी हिंसा से मुक्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में भी हमारी योजना तैयार है।

- **वाईपी सिंह**, एसपी, मोहला-मानपुर-अं. चौकी

### मूवमेंट की सूचना

गढ़चिरौली जिले में माओवादियों के कंपनी नंबर 10 के 10 सक्रिय माओवादियों की मूवमेंट की जानकारी मिल रही है। डीकेजेडसी प्रभाकर मुख्य है, जिस पर 25 लाख का ईनाम है। यह छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की अबूझमाड़ सीमा पर छिपे हुए हैं। ये सरेंडर करेंगे या फिर हमारी फोर्स इन्हें मार गिराएगी, हम दोनों ही सूरत में जल्द से जल्द गढचिरौली जिले को नक्सल हिंसा से मुक्त करेंगे।

- **नीलोत्पल, एसपी**, गढ़चिरौली

### आरकेबी डिवीजन में 7 की तलाश

माओवादियों का राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अपनी आखिरी सांस गिन रहा है। यहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डिवीजन कमेटी सचिव लोकेश सलामे के 13 अगस्त को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब सिर्फ 7 केडर बाकी है। इनमें रूपी के अलावा मंगेश पोडियाम, रंजीत होडी, हिडमे मरकाम, महेश डोडी, गणेश और राजे शामिल हैं। इन सातों के निराकरण के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।

### अबूझमाड़ में छिपा प्रभाकर

गढ़चिरौली जिले में सक्रिय कंपनी नंबर 10 के 10 माओवादियों की तलाश तेज हो गई है। इनमें 25 लाख का इनामी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का शीर्ष लीडर प्रभाकर मुख्य तौर पर शामिल है। सुरक्षा एजेंसी का मानना है कि प्रभाकर अपने 10 साथियों के साथ महाराष्ट्र बॉर्डर के अबूझमाड में छिपा हुआ है। इस टुकड़ी के समर्पण या खात्मे के साथ ही गढचिरौली जिला भी पूरी तरह से माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।

# उन्नाव घटना के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उन्नाव रेप पीड़िता को इंसाफ देने, आरोपी पूर्व विधायक की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा कानून सख्ती से लागू करने, भिलाई स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष लिलेश पटेल, राकेश साहू, प्रियंक जैन, शहर अध्यक्ष रितेश राजपूत, हरेंद्र साहू, पीसीसी प्रवक्ता श्रुति शुक्ला, गोल्डी खोबरागड़े, संदीप डहरे, आरती कोरे, अरुणा देवांगन, राकेश साहू, सुधीर पटेल, चाणक्य गोस्वामी, छोटू राजपूत, जाहिद राजा, सिब्बू देवांगन, सुभाष पटेल, दुर्गेश पटेल,चोंटू पटेल, अजय श्रीवास, दम्माम पटेल, संतोष यादव, लाला राम, तुषाल पटेल, सुमित यादव, अंशु साहू, अजय पटेल, कृष्ण देवांगन, मनीष पटेल, टेकेश्वर, सुभाष यादव आदि उपस्थित थे।

# 1950 की कट-ऑफ तिथि समाप्त करने की मांग

- नहीं बन रहे जाति प्रमाण पत्र, विस अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र - छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही अडचनों को लेकर जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा राजनांदगांव ने पहल की है।

मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से भेंट कर वर्ष 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की अनिवार्यता को समाप्त करने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 10 जून 2025 को जारी परिपत्र के पूर्ण अनुपालन की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि राज्य में गाडा, महार, घासी-घसिया, मोची, डोम डोमार सहित अन्य अनुसूचित जातियों के केवल इस कारण जाति प्रमाण पत्र से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि प्रमाण पत्र के लिए 1950 के पूर्व के दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है। प्रतिनिधियों का कहना है कि इस समुदाय के पास इतने पुराने दस्तावेज उपलब्ध होना असंभव है।

प्रमाण नहीं बनने से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, आरक्षण और अन्य शासकीय सुविधाओं से वंचित होना पड रहा है। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 10 जून 2025 को परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें पुनर्गठित राज्यों में अनुसूचित जाति- जनजाति वर्ग के नागरिकों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं इसके बाद भी छत्तीसगढ़ शासन ने आज तक प्रचलित नियमों में दर्ज कट ऑफ डेट में संशोधन नहीं किया है।

प्रतिनिधि मंडल ने परिपत्र के अनुरूप नियमों में संशोधन करने की मांग की है ताकि अनुसूचित जाति- जनजाति के युवाओं को न्याय मिल सके।

# रकबा समर्पित कराने की शिकायत विधायक से

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों मोहारा धान खरीदी केन्द्र का जायजा लिया। इस दौरान मुड़यिा के किसान सुखराम वर्मा पिता



कालूराम वर्मा, और खपरी के किसानों ने बताया कि तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। किसानों की शिकायत सुनकर विधायक श्रीमती बघेल ने पटवारी को पूछने के बाद तहसीलदार से पूछा कि कौन से आदेश के तहत इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कार्रवाई को तुरंत रोक लगाने कहा। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, धर्मेंद्र मंडावी, संतोष वर्मा, दयाल साहू, दयालुराम वर्मा, रंजीत भारती, युवराज चंद्रवंशी, टुमनलाल साहू, शत्रुघ्न साहू, कमलेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।


# गुंडरदेही में मानस महोत्सव 2 से

**खुज्जी।** गुंडरदही में नव ज्योति मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में 2 से 4 जनवरी तक मानस महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जनवरी को तुलसी मानस प्रतिष्ठान छुरिया के अध्यक्ष सुभाष यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि अंजली धावड़े, उमा राजेश सिंह ठाकुर, देवारुराम मालेकर, रमेश पिस्दा, चित्तूराम खरे, पन्नालाल देवांगन, सेवुकराम, पोतराम खरे , हेमंत सूर्यवंशी, बिसावत खान, पुरषोत्तम मालेकर ,मनक भंडारी होंगे। समापन 4 जनवरी को पूर्व जिला पंचायत सदस्य हृदयराम चंद्रवंशी के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच उमा राजेश सिंह ठाकुर करेंगी। विशिष्ट अतिथि राजूसिंह, द्वारका पटेल, पन्ना लाल देवांगन, ग्वाल मालेकर, श्रवण मंडावी, दयालु यादव, गुहाराम कोमरे, अवधराम खरे, गेंदलाल कुंजाम, देवेंद्र साहू होंगे।

# शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**मोहला।** शिवसेना ने जिला अध्यक्ष शोभाशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में अंबागढ़ चौकी बस स्टैंण्ड में पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हो रही घटनाओं के विरोध में किया गया। हिन्दु मंदिर, देवी देवताओ के अपमान, महिलाओ के साथ अनाचार एवं हिन्दू पुरुषो को जिन्दा जलाने का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री मो. यूनुस का पुतला दहन किया गया। शोभाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुतला दहन के दौरान राकेश श्रीवास्तव, दिनेश ताम्रकार, कमल सोनी, मनीष तिवारी, हेमंत सोनी, ब्लाक अध्यक्ष देवप्रसाद यादव, नीलकंठ यादव, थरवेतन पेंटर, संजय यादव, गोविंद, संजय सेरपा, आकाश ताम्रकार आदि उपस्थित थे।



## सेमल के वृक्षों की हो रही थी बेजा कटाई

# लकड़ी तस्करी का खुलासा ट्रक और जेसीबी मशीन जब्त

## कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

वनांचल में बढ़ती लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने वन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश पर देर रात विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लकड़ी की अवैध ढुलाई का पर्दाफाश किया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे भोजटोला रेंज के ग्राम चिलाडबरी में वन विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से सेमल लकड़ी ढो रहे एक 1109 ट्रक और एक जेसीबी वाहन को मौके से जब्त किया गया। वाहनों में बड़ी मात्रा में लकड़ी लोड थी, जिन्हें बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन किया जा रहा था।



### अनुमति के बिना संचालन

वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को चिलाडबरी भेजा गया और वहां से ट्रक व जेसीबी बरामद किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेमल लकड़ी के परिवहन के लिए एसडीएम की अनुमति आवश्यक है, जबकि पकड़े गए वाहनों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

### होगी राजसात की कार्रवाई

डीएफओ ने बताया कि जांच की जा रही है कि लकड़ी वन भूमि से काटी गई है या नहीं। यदि लकड़ी वनभूमि से काटी पाई जाती है, तो राजसात की कार्रवाई की जाएगी। यदि नहीं तो मामला आगे की प्रक्रिया के लिए राजस्व विभाग को सौंपा जाएगा। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### आरोपी फरार मजदूर भी भागे

सूत्रों के अनुसार पखांजूर निवासी हृदय मंडल पिछले कई दिनों से जिले में अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन करने सक्रिय है। गुरुवार रात भी वह सेमल लकड़ी की कटाई करा रहा था, लेकिन जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद कई मजदूर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले, जिनमें हृदय मंडल भी शामिल है।

# पिपरिया महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



■ वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

महंत श्री रामजानकी शरणदास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलकांत नाविक एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास द्वारा महाविद्यालय का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है एवं महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया गया, महाविद्यालय में लगभग 1500 छात्र-छात्राएं विभिन्न संकयो में अध्यनरत है, महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम में स्नातक पाठ्यक्रम एवं पांच विषयों में स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित है। मुख्य अतिथि कमलकांत नाविक ने कहा पिपरिया महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी सुविधायुक्त शिक्षा ग्रहण कर पा रहे हैं। वहीं महाविद्यालय को एक वॉटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की इसी क्रम में उपस्थित अतिथियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए लोकेश साहू द्वारा 5000 रूपए प्रथम पुरस्कार, नंदाराम पाटिला द्वारा द्वितीय पुरस्कार 4000 रूपए तथा राजेंद्र गुप्ता द्वारा 3000 रूपए तृतीय पुरस्कार एवं सभी जन भागीदारी सदस्यों द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम में एक-एक हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार प्रदान करने कि घोषणा किया गया। इस वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर लगभग 25 मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुतियां दी, जिनमें झांसी की रानी एक्ट प्रथम (बी कॉम ग्रुप), महाभारत एक्ट द्वितीय (साइंस ग्रुप) एवं उड़िया नृत्य तृतीय (कला ग्रुप) एवं विशेष आकर्षण कत्थक नृत्य मंजूलिका संजना भट्ट का रहा।

वहीं इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि उपस्थित विशिष्ठ अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं में प्रथम द्वितीय प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीआर साहू द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश चंद्रवंशी, राजेंद्र गुप्ता, लोकेश साहू, नंदाराम पटिला, प्रेमलाल साहू, शत्रुहन साहू, रोहित चंद्राकर, भानु साहू, महेतरू कश्यप, कमलकांत गुप्ता एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# भाजपा मंडल कुण्डा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया वीर बालक दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा मंडल कुण्डा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण कुण्डा में बालमुकुंद चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुण्डा के नेतृत्व में वीर बालक दिवस का आयोजन किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर एक साथ गुरू गोविंद सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन नमन अर्पित की गई।

इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने धर्म के लिए शहिद हुए गुरु गोविन्द सिंह का परिवार के इतिहास के विषय में टीवी के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के परिवारों के पराक्रम और वीरता और राष्ट्रहित में समर्पित वीरगाथाओं को टीवी के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं ने सुना राष्ट्र सेवा और धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले धर्म के लिए शहीद हुए चार साहेब जादे कि वीरता धर्म और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। वीर बाल दिवस के अवसर पर हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और धर्म और राष्ट्र के लिए हमेशा समर्पित हम सभी को कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, ध्वजराम चंद्राकार, पुरषोत्तम निर्मलकर, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, कृष्ण चंद्राकर, महेंद्र घृतलहरे, अमन खनूजा, दिनेश चंद्रवंशी, श्रवण साहू, सरिता वैष्णव, संजय चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, रमन खनूजा, सुरज यादव, गुरदीप सिंह मक्कड़ समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक कवर्धा स्थित सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ईश्वरी साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सतविंदर पाहुजा, राजेंद्र सलूजा, पवन जायसवाल, गुरदीप सिंह अरोरा, एवं नगर के सम्मानित पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवाणी के भावपूर्ण सबद कीर्तन से की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण श्रद्धा एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण हो गया। तत्पश्चात बच्चों के प्रश्न मंच एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सिंह ठाकुर द्वारा एवं आभार प्रदर्शन एफआर वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में ईश्वरी साहू ने कहा कि आज का पावन दिवस वीर बाल दिवस के रूप में उन नन्हे वीरों को समर्पित है, जिन्होंने अल्पायु में भी धर्म, साहस और बलिदान की अनुपम मिशाल कायम की। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किए जाने से पूरे देश में यह दिवस एक साथ मनाया जा रहा है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस और बलिदान की स्मृति कराता है। उन्होंने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय वीरगति को अपनाई और इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन सत्य, साहस और संस्कार की शक्ति का संदेश देता है, दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी शक्ति हमें झुका नहीं सकती। कार्यक्रम को गुरदीप सिंह अरोरा, जसविंदर सिंह बग्गा, लक्की चांवला एवं श्रीमती सतविंदर पाहुजा ने भी संबोधित किया।




## क्षेत्र में अटल बिहारी वाजपेयी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, पीपरमाटी, कंझेटा, दामापुर एवं कुण्डा पंचायतों में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अटल बिहारी वाजपेयी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने उन्हें विश्व के महान जननेता के रूप में याद किया और उनके विचारों व कार्यो को प्रेरणास्रोत बताया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सेमरकोना में सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुशासन, राष्ट्रनिर्माण और जनकल्याण से जुड़े अटल बिहारी के योगदान पर प्रकाश डाला गया।



# ग्रामसभा के आयोजन से घर-घर पहुंचा विकसित भारत जी राम जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान, मांग आधारित रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित अनेक जन कल्याणकारी प्रावधानों के साथ बने नए कानून विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी की जानकारी ग्रामीणों को ग्राम सभा के माध्यम से दी गई। ग्राम सभा में बताया गया है कि नये योजना से विकसित ग्राम से विकसित राष्ट्र की कल्पना साकार होगी और ग्रामीणों के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आएगा। महात्मा गांधी नरेगा में होने वाले बदलाव के विषय में ग्रामीणों को पूरी जानकारी देने के लिए कबीरधाम जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नय योजना के विषय मे जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि मनरेगा योजना के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी-2025 प्रतिस्थापित हो रहा है। नये प्रावधान मुख्य रूप से विकसित भारत 2047 के लिए महत्वपूर्ण है जो विकसित ग्राम से विकसित राष्ट्र की ओर लेकर जाएगा। इसलिए ग्रामीण अंचलों में सभी को नए कानून के बारे में पूरी जानकारी देने के उद्देश्य से 26 दिसंबर को जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में ग्राम सभा का आयोजन हुआ है। साथ ही वॉल राइटिंग फ्लेक्स बैनर द्वारा भी नए प्रावधानों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है।

# कवर्धा में 7 ए-साइड राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला हॉकी संघ कबीरधाम के तत्वाधान में कवर्धा में 7-ए-साइड राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 25 से 28 दिसंबर 2025 तक स्वामी करपात्री जी स्टेडियम (हॉकी मैदान) कवर्धा में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुरुष एवं महिला हॉकी टीमें भाग ले रही हैं, जो अपने खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नपध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा महिला मोर्चा सुषमा चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कवर्धा जिले में हॉकी खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम यह है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष डॉ अतुल जैन, कोषाध्यक्ष डॉ गोवर्धन सिंह, सहसचिव प्रभु श्रीधर, महासचिव पवन देवांगन, प्रेरणा देशमुख एवं अलका वर्मा उपस्थित थें। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी एवं सचिव अविनाश चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले एवं प्रदेश में हॉकी खेल को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।




## जहां कला बनी अभिव्यक्ति और मंच बना भविष्य 'उड़ान' में दिखी विद्यार्थियों की चमक

# अशोका स्कूल के वार्षिक महोत्सव में विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक विद्यालय परिषर आज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि सपनों को पंख देने वाला आकाश बन गया, जब उड़ान थीम पर आधारित तीन दिवसीय 10 वां वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। हर प्रस्तुति में आत्मविश्वास था, हर कदम में लक्ष्य और हर चेहरे पर भविष्य की चमक दिखाई दे रही थी। तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम के प्रथम दिवस में अतिथियों के रूप में टीम हरितिमा कवर्धा, चिकित्सक गजेन्द्र सिंह, आदित्य श्रीवास्तव शिक्षक, निर्मल द्विवेदी समाजसेवी, पालकगण रामशरण चंद्रवंशी, गजाधर वर्मा एवं दिनेश चंद्रवंशी उपस्थित थें। द्वितीय दिवस पर अतिथि जिसमें चेतन साहू (कृषि वैज्ञानिक), नाथूसिंह (कथक महागुरु,रायगढ़), डीके साहू (जिला क्रीड़ा अधिकारी), अजय चंद्रवंशी (जिलाधिकारी, स्काउट गाइड), नितेश छाबड़ा (क्रिकेट लेखक एवं कमेंटेटर), पालक गजानन्द चन्द्रवंशी एवं हरजीत सिंह वधावा उपस्थित थे। वही तृतीय दिवस के कार्यक्रम के अतिथि पद्मश्री डॉ अजय मंडावी बस्तर, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी अध्यक्ष नपा, श्रीमती सतविन्दर पाहुजा एवं श्रीमती संतोषी श्रीवास (महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री), उमंग पांडेय (सदस्य भाजयुमो,सीजी) रमेश चंद्रवंशी (अभिभावक) उपस्थित थें।

सभी अतिथियों का विद्यालयीन स्काउट-गाइड्स के द्वारा मार्चपास्ट कर एवं छात्र संसद के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री मंडावी ने अपने उद्बोधन में अशोका स्कूल की शिक्षण पद्धति की सराहना एवं कहा कि विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित यह महोत्सव यह प्रमाणित करता है कि विद्यालय केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की उड़ानशाला है, उन्होंने बस्तर को नक्सल मुक्त करने हेतु कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया एवं उन्हें चुनने के लिए कवर्धावासियों को धन्यवाद दिया।

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अशोका पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को पारंपरिक रटने की प्रणाली से हटाकर व्यावहारिक और अवधारणात्मक शिक्षा प्रदान कर रहा हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों में स्वतंत्र सोच,आत्मविश्वास और विभिन्न कौशल विकसित करना है। हमारी यह अभिनव शिक्षण पद्धति बच्चों को बौद्धिक रूप से सक्षम, आत्मनिर्भर,आत्मविश्वासी और नैतिक रूप से मजबूत बनाती है। शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं,बल्कि समझ,कल्पना, और आत्मनिर्भरता विकसित करने का एक सशक्त साधन है।

### उड़ान थीम पर सामाजिक सरोकार, नारी सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित

इस तीन दिवसीय रंगारंग वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उड़ान थीम पर सामाजिक सरोकार, आत्मनिर्भरता, नारी सशक्तिकरण और भविष्य निर्माण जैसे विषयों पर आधारित नृत्य, नाटक, समूहगान, देशभक्ति लोकनृत्य एवं कराटे स्टंट की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही दूसरी ओर विद्यार्थियो एवं पालकों द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया गया। दर्शकों ने विद्यार्थियो के पाक-कला का भी आनंद उठाया। संपूर्ण वार्षिक महोत्सव अनुशासन, सौहार्द एवं उत्साह का अनुपम उदाहरण बना। बच्चों के चेहरे पर आत्मगौरव की चमक और दर्शकों की तालियों की गूंज ने माहौल को गौरवमयी बना दिया। साथ ही भूतपूर्व छात्र सम्मलेन में उन सभी विद्यार्थियो को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## युवा शक्ति का उदय: क्रांतिकारी पटेल युवा संगठन के जिला निर्वाचन का शंखनाद आज

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में युवा नेतृत्व को नई दिशा और पहचान देने के उद्देश्य से क्रांतिकारी पटेल युवा संगठन अपने नए सारथियों के चयन हेतु जिला स्तरीय निर्वाचन आयोजित किया जा रहा है। संगठन के जिला अध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख कार्यकारी पदों के लिए यह निर्वाचन रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे पटेल भवन समनापुर-कवर्धा) में संपन्न किया जाएगा। संगठन के संस्थापक परदेशी पटेल ने जिले के कोने-कोने से युवाओं से सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब युवा जागा है, समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। क्रांतिकारी पटेल युवा संगठन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचार है। हमें ऐसे निडर, ईमानदार और समर्पित युवाओं की आवश्यकता है जो समाज सेवा को अपना ध्येय मानें। आइए इस निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेकर एक सशक्त और संगठित कल की नींव रखें। यह संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पटेल समाज के जिला अध्यक्ष शंकर पटेल एवं समाज के अनुभवी संरक्षकों और प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगी। वरिष्ठों का अनुभव और युवाओं का उत्साह मिलकर जिले में सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती और विकास का नया उदाहरण प्रस्तुत करेगा। क्रांतिकारी पटेल युवा संगठन का उद्देश्य केवल अपने समाज तक सीमित न रहकर अनुशासन, भाईचारे और सेवा भाव का ऐसा आदर्श स्थापित करना है, जिससे जिले के अन्य समाजों के युवा भी प्रेरणा ले सकें। वहीं जिले के समस्त स्वाभिमानी, जन जागरूक एवं ऊर्जावान युवा साथियों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में समनापुर कवर्धा पहुंचकर इस ऐतिहासिक निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनें। आपकी सक्रिय भागीदारी समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस आज मनाएगी अपना स्थापना दिवस

**कवर्धा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 दिसम्बर रविवार को सुबह 09.00 बजे शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 140 वीं कांग्रेस स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर झंडा फहराया जाएगा। साथ ही दोपहर 12.00बजे शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 51 वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान किया जाएगा। कांग्रेस स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस जनों द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जायसवाल ने जिले के सभी विंगो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

### गैर अंशधारी गन्ना किसानों को पर्ची जारी

**कवर्धा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में वर्तमान में अंशधारी कृषकों से गन्ना क्रय कर पेराई किया जा रहा है। सत्र 2024-25 में कारखाना में गन्ना आपूर्ति करने वाले गैर अंशधारी कृषकों से भी गन्ना क्रय किया गया था तथा ऐसे कृषकों को इस सत्र 2025-26 में अंशधारी सदस्य बनाने की प्रक्रिया की गई। आगामी सत्र में भी नए अंशधारी सदस्य बनाने की प्रक्रिया की जावेगी। इसके लिए कारखाना की सदस्यता प्राप्त करने हेतु ऐसे गैर अंशधारी कृषक जो निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप-क) में आवेदन पत्र जमा करके इस सत्र सर्वे के अनुसार गन्ना कारखाने को प्रदाय करते है, तो उन्हें आगामी वर्ष में कारखाना के उपविधि के अनुसार सदस्यता प्रदाय करने संबंधी निर्णय बोर्ड की बैठक में लिया गया है। जिसके तारतम्य में कुल 2800 कृषकों द्वारा प्रारूप-क में सदस्यता प्रदाय संबंधी आवेदन कारखाना को प्राप्त हुआ है एवं यह आवेदन प्राप्त करने का क्रम लगातार जारी है। प्रारूप-क में आवेदन प्रदान करने वाले गैर सदस्यताधारी 2800 कृषकों को कारखाने हेत से 29 दिसम्बर 2025 क्रमशः पर्ची जारी किया जावेगा।

### ग्रामीणों को ग्रामसभा में दी गई जानकारी

**कवर्धा।** ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान, मांग आधारित रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित अनेक जन कल्याणकारी प्रावधानों के साथ बने नए कानून विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी की जानकारी ग्रामीणों को ग्राम सभा के माध्यम से दी गई। ग्राम सभा में बताया गया है कि नय योजना से विकसित ग्राम से विकसित राष्ट्र की कल्पना साकार होगी और ग्रामीणों के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आएगा। मनरेगा में होने वाले बदलाव के विषय में ग्रामीणों को पूरी जानकारी देने के लिए कबीरधाम जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

**विरोध प्रदर्शन:** जिला न्यायालय कवर्धा परिसर में फूंका गया पुतला

# भूपेश बघेल के बयान को लेकर हिंदू सनातन मंच ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक एवं संत धीरेंद्र शास्त्री को लेकर दिए गए वक्तव्य को लेकर राजनीतिक व सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

भूपेश बघेल ने अपने बयान में धीरेंद्र शास्त्री की कार्यप्रणाली, उनके आयोजनों तथा गतिविधियों पर प्रश्न उठाते हुए उन्हें राजनीतिक एजेंडे से जोड़ने जैसी टिप्पणी की थी, जिसे लेकर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में हिंदू सनातन मंच के सदस्य पोखराज सिंह परिहार, आदित्य झा, रवि सिंह राजपूत, तुलेश्वर शर्मा, नितिन पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कवर्धा न्यायालय परिसर के सामने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया।

**जमकर की गई नारेबाजी, जताया गया विरोध**



हिन्दू सनातन मंच ने जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उनका पुतला दहन किया वहीं जिला न्यायालय परिसर में आयोजित इस पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित सनातनियों ने श्री बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की और अपना विरोध व नाराजगी जताई।

मंच के सदस्यों ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा और आरोप न केवल अनुचित हैं, बल्कि इससे समाज में अनावश्यक वैमनस्य फैलने की आशंका भी बनती है। हिंदू सनातन मंच का कहना है कि जो लोग हिंदू एकता और सनातन संस्कृति की बात करते हैं, वही आज कुछ नेताओं की आंखों में खटक रहे हैं। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि धार्मिक विषयों को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने और सार्वजनिक मंचों से संतों पर टिप्पणी करने से समाज की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती संत-महात्माओं की परंपरा से समृद्ध रही है और ऐसे में किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व पर बिना तथ्यात्मक आधार के टिप्पणी करना निंदनीय है। मंच ने पूर्व मुख्यमंत्री से अपने बयान पर संयम बरतने और सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू समाज अपने धार्मिक विश्वासों और संत परंपरा के सम्मान की रक्षा के लिए संगठित और

# अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर काव्य गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व के काव्य पक्ष पर केन्द्रित वनमाली सृजन केन्द्र, पाठक मंच व लायंस क्लब की एक संयुक्त संगोष्ठी गुरूवार की शाम को सर्किट हाउस के अशोक हॉल में आयोजित की गई। वनमाली केन्द्र के अध्यक्ष नीरज मनजीत, साहित्यकार व पुरातत्त्व विशेषज्ञ आदित्य श्रीवास्तव तथा पीजी कॉलेज में हिंदी के सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने अटल जी की कविताओं का विश्लेषण करते हुए आलेख पढ़े। ख्यात कवि उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नीरज मनजीत ने भूमिका में कहा कि अटल जी के विराट राजनीतिक व्यक्तित्व की छाया में उनका कवि व्यक्तित्व अलक्षित रह जाता है, अतः उनके काव्य पक्ष को चर्चा में लाने का हमने छोटा सा प्रयास किया है। नीरज ने अपने आलेख में कहा कि-अटल की कविताओं में आशा-निराशा, जय-पराजय, संघर्ष, 8 संवेदनाओं और उच्चतम जीवन मूल्यों की बहुत ही सुंदर अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। वे प्रांजल-समृद्ध, संस्कृतनिष्ठ, सुरुचिपूर्ण हिंदी में कविताएं रचते हैं। वे राष्ट्रप्रेम से भरे मानवीयता के पक्षधर कवि हैं, जिनकी भाषा, शैली और अभिव्यक्ति में भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक दार्शनिक दृष्टि झलकती है। आदित्य श्रीवास्तव ने आलेख में कहा कि श्री वाजपेयी की कविताएं केवल साहित्यिक रचनाएं नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, राष्ट्र चेतना और मानवीय मूल्यों का घोषणापत्र हैं। उनकी कविता बताती है कि शक्ति के साथ संवेदना और नेतृत्व के साथ विनम्रता संभव है। उनकी कविताएं युवाओं को संघर्ष का साहस, समाज को दिशा और राष्ट्र को आत्मबल प्रदान करती हैं। कुलमित्र ने अपने विश्लेषण में कहा कि उनकी कविताओं में यथार्थ, कर्तव्यबोध, राष्ट्रीयता, जिजीविषा और मानवीय करुणा का अद्भुत समन्वय है। उनकी भाषा सरल, संप्रेषणीय और जनमानस से सीधा संवाद स्थापित करने वाली है।

# राज्यस्तरीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता में बिलासपुर रही विजेता

## बोड़ला की हॉकी टीम बनी उपविजेता



- सांसद संतोष पाण्डेय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया, प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय उपस्थित थे।

समापन अवसर पर प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला बोड़ला टीम और बिलासपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें 3-1 से बिलासपुर की टीम विजयी रही। पहला गोल 9 वे मिनट में बोड़ला की ओर से रुखमणी ने किया। 15 वे मिनट में बिलासपुर की ओर से दामिनी खुसरो ने गोल किया। 22 वे मिनट में बिलासपुर की ओर से मधु सिदार ने गोल किया।

30 वे मिनट में फिर मधु ने गोल किया। मैच 15-15 मिनट के दो हाफ में खेला गया। फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बिलासपुर की मीनाक्षी उमरे रही। प्लेयर ऑफ द सीरीज दामिनी खुसरो, बेस्ट डिफेंडर संपदा निर्मलकर बिलासपुर, सर्वोच्च स्कोरर मधु सिदार बिलासपुर तथा बेस्ट गोलकीपर कमलेश्वरी लहरे बोड़ला रही। पहला सेमी फाइनल बिलासपुर बनाम राजनंदगांव खेला गया। जिसमें 4-0 के स्कोर से बिलासपुर ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार दूसरा सेमी फाईनल रायपुर-बोड़ला के बीच खेला गया।

जिसमें 2-0 बोड़ला विजेता रहा। विजेता टीम बिलासपुर को 21000 रूपए नगद एवं सील्ड और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उप विजेता टीम बोड़ला को 15000 रूपए एवं सील्ड राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के हाथों विजेता व उपविजेता टीम को प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, अजित चन्द्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष काशीराम उईके, प्रेमकांत मिश्रा, पूर्व जनपद सदस्य नरेश चन्द्रवंशी व वरिष्ठ नेतागण, जनप्रतिनिधिगण, जिला व मंडल के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण और नागरिकगण मौजूद थे।

**करीब 12 टीमो ने लिया हिस्सा**

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत बोड़ला के छोटे से मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता में लगभग 12 टीमें ने हिस्सा लिया था। जिनमें बिलासपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही बोड़ला की टीम दूसरा स्थान रही। प्रतियोगिता को लेकर नगरवासियों सहित खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# कड़ाके ठंड, उस पर शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व वनांचल इलाकों तक लगातार बढ़ रही ठंड लोगों पर भारी पड़ती जा रही है। ठंड के साथ अब शीतलहर का असर भी बढ़ने लगा है, जिससे आमजन की परेशानियां और अधिक बढ़ गई हैं। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में जिलेभर में कड़ाके की ठंड का कहर साफ तौर पर देखा जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। सबसे अधिक ठंड का असर जिले के बोड़ला, चिल्फी घाटी, रेंगाखार जंगल, तरेगांव जंगल, सिंघनपुरी जंगल तथा पंडरिया विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों में महसूस किया जा रहा है। इन इलाकों से मिल रही जानकारियों के अनुसार यहां ठंड का आलम बेहद गंभीर है। रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस सुबह तक जमीन पर जमी हुई दिखाई दे रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन इलाकों में तापमान कितना नीचे चला गया है। ऐसे हालात में ग्रामीणों, वनवासियों के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी ठंड बड़ी चुनौती बन गई है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा शहरी और मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर कम नहीं है। सुबह सूर्योदय से पहले और शाम को सूर्यास्त के बाद कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। घना कोहरा और ठंडी हवाएं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। सुबह के समय लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी ठंड से बचाव के इंतजाम नजर आने लगे हैं।

**कड़ाके की ठंड का सेहद पर भी असर**

कड़ाके की ठंड का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। अत्यधिक ठंड के कारण सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द तथा हाथ-पैरों में दर्द जैसी शिकायतों में इजाफा हुआ है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ठंड से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्म कपड़े पहनें, ठंडे पानी और ठंडी हवा से बचें, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें तथा जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### मसूर फसल का समूह प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा आदर्श दलहन ग्राम योजना के अंतर्गत मसूर फसल की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन 02 दिसंबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मसूर की उन्नत किस्म कोटा मसूर-4 का समूह प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने बताया कि कोटा मसूर-4 की खेती के लिए बलुई दोमट अथवा दोमट मिट्टी, जिसमें जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो, सर्वाधिक उपयुक्त होती है। मसूर की बुवाई अक्टूबर-नवंबर माह में की जाती है तथा इसके लिए 30 से 40 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। । कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शन पूर्व कृषकों को संगोष्ठी के माध्यम से मसूर की वैज्ञानिक पद्धति की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## सांसद ने निर्माणाधीन गौरवपथ का किया निरीक्षण...



**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शनिवार को राजनांदगांव बाईपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक 10 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन गौरवपथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं कार्यों का निरीक्षण किया। सांसद पांडेय ने ठेकेदार को गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने और गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। सांसद पांडेय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनता को बेहतर आवागमन एवं मूलभूत की सुविधा उपलब्ध हो और क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित हो। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल भी मौजूद थे।

**1 जनवरी को सीएम विष्णुदेव साय व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे भूमिपूजन**

# नए साल के पहले दिन मिलेगी भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नए साल के पहले दिन कबीरधाम जिले को बहुप्रतीक्षित भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है। 01 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की विशेष उपस्थिति में इस वृहत पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन एवं जनआस्था के प्रमुख केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर से लेकर मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा एवं सरोदा जलाशय तक भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के व्यापक विकास के लिए



146 करोड़ की लागत से इस भव्य पर्यटन कॉरिडोर का विकास होने जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर के भूमिपूजन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को सारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य मंच निर्माण, दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पंडाल निर्माण एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सभा स्थल पर मंच एवं बैठक व्यवस्था से संबंधित समस्त तैयारियों के लिए को पूरी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी आयोजन से जुड़ी आवश्यक तैयारियों के लिए दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसमुदाय की उपस्थिति को देखते हुए सभी सुविधाएं सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रत्येक कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने तथा कार्यक्रम स्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन, एसडीएम बोड़ला सागर सिंह राज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में पहली बार शीतकालीन अवकाश के बाद अर्धवार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




कबीरधाम जिले में शीतकालीन अवकाश के बाद पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा शीतकालीन अवकाश के बाद आयोजित की जाएगी। अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर डीईओ कार्यालय ने संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कवर्धा द्वारा जारी नई परीक्षा तिथियों के मुताबिक कक्षा 9 से 12वीं की परीक्षा 1, 2 और 5 जनवरी, कक्षा 6 से 8 वीं की परीक्षा 1 और 2 जनवरी प्रैक्टिकल/प्रायोजना परीक्षा 1 से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। जबकि कक्षा 10 वीं व 12 वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षा इस वर्ष 20 फरवरी से शुरू होंगी। वहीं दूसरी तरफ अचानक टाइम टेबल बदलने से शिक्षक व पालक नाराज हैं, उनका कहना है कि परीक्षाएं अवकाश से पूर्व हो जानी चाहिए थीं। जिला अध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि अवकाश के बाद परीक्षा आयोजित करना उचित नहीं है, क्योंकि जनवरी में ही प्रैक्टिकल व अन्य परीक्षाओं से विद्यार्थियों पर लगातार बोझ बढ़ जाएगा। माना जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग की इस बद इंतजामी और लापरवाही के चलते पिछले वर्ष प्रश्न पत्र में गड़बड़ी के कारण कक्षा 1 से 8 वीं तक की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी थी और पुराने प्रश्न पत्र दोहराए जाने की जानकारी सामने आई थी।